उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा–206130
Uttar Pradesh University of Medical Sciences, Saifai, Etawah-206130
Tel.: (05688) 276569, Website: www.upums.ac.in, E.Mail- dean-medical@upums.ac.in

पत्रांकः 4746 / यूपीयूएमएस / छात्रप्रकोष्ठ(3799 / 350) / 2024–25 दिनांकः 30 दिसम्बर, 2024

नोटिस

विभागाध्यक्ष, एनाटामी एवं फिजियोलाजी द्वारा अपने पत्रों के माध्यम अवगत कराया गया है कि एम0बी0बी0एस0 बैच–2024 के छात्र / छात्राएं दिनांक 23.12.2024 से कक्षाओं से अनुपस्थित चल रहे हैं। विश्वविद्यालय में दिनांक 30.12.2024 से 04.01.2025 तक शीतकालीन अवकाश पूर्व से ही घोषित है। इसके बावजूद भी छात्र / छात्राएं एक सप्ताह पूर्व ही कक्षाओं में अनुपस्थित हो गये हैं, जोकि विश्वविद्यालय नियमों के विरूद्ध है तथा अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है।

छात्र / छात्राओं के मनमाने ढंग से अनुपस्थिति के कारण यदि उनकी उपस्थिति निर्धारित मानकों से कम रहती है, तो वह विश्वविद्यालय स्तरीय परीक्षाओं हेतु पात्र नहीं होंगे। उक्त के कारण परीक्षा को एन0एम0सी0 के एकेडमिक कैलेन्डर के अनुसार आयोजित नहीं कराया जा सकेगा। छूटी हुई कक्षाओं को पूर्ण कराये जाने हेतु उनकी नियमित कक्षाएं तब तक जारी रखी जायेंगी, जब तक कि उनकी उपस्थिति एन0एम0सी0 द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं हो जाती। इसमें जो भी समय लगेगा, उसका प्रभाव उनके आगे के पाठ्यक्रम पर भी पड़ेगा, जिसकी वजह से उनका सम्पूर्ण पाठ्यक्रम स्वतः ही आगे बढ़ जायेगा।

अतः एम0बी0बी0एस0 बैच–2024 के छात्र / छात्राओं को निर्देशित किया जाता है कि तत्काल कक्षाओं में उपस्थिति सुनिश्चित करें।

(डा0 आदेश कुमार)
संकायाध्यक्ष, चिकित्सा संकाय

प्रतिलिपि–

1. विभागाध्यक्ष, फिजियोलाजी, एनाटामी, बायोकमेस्ट्री को इस आशय से प्रेषित है कि छात्र / छात्राओं की अनुपस्थिति के विषय में विभागीय स्तर पर भी कार्यवाही सुनिश्चित करें।
2. निजी सचिव को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
3. प्रभारी अधिकारी, वेबसाईट को इस आशय से प्रेषित है कि उक्त को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
4. एम0बी0बी0एस0 बैच–2024 के छात्र / छात्राओं को अनुपालनार्थ।

(डा0 आदेश कुमार)
संकायाध्यक्ष, चिकित्सा संकाय